सांध्य दैनिक
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 47 | इंदौर, मंगलवार 22 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. West Bengal: 'सीएए लागू होगा और ममता बनर्जी रोक नहीं पाएंगी', भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का विपक्षी गठबंधन पर तंज
2. Maharashtra: 'अगर एक-दो महीने प्याज न खाया तो कुछ बिगड़ेगा नहीं', पूर्व कृषि मंत्री की जनता को अजीब सलाह
3. मुआवजे की मांग: किसानों का एलान-चंडीगढ़ में घुसकर मांगेंगे हक, पुलिस बोली-नहीं आने देंगे, सभी रास्ते सील
4. Russia: लूना-25 मिशन के क्रैश होने से लगा झटका, रूस के शीर्ष अंतरिक्ष विज्ञानी अस्पताल में भर्ती
5. Graduate Kapoor: शम्मी कपूर के बेटे ने 67 साल की उम्र में किया स्नातक, अब इग्नू से एमए करने की तैयारी में
6. Raju Punjabi passed away: देसी देसी ना बोल्या कर... जैसे हिट गाने देने वाले हरियाणवी सिंगर का निधन
7. Asia Cup: चहल और अश्विन के नहीं चुने जाने पर हैरान यह विश्व कप विजेता खिलाड़ी, इन दो के चयन पर जताई चिंता

दिग्विजय सिंह के बयान पर भड़की भाजपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आशंका जताई है कि भाजपा चुनाव से पहले प्रदेश में हरियाणा के नूंह जैसे दंगे करवा सकती है। वकीलों के एक कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने यह बात कही।

◆ दिग्विजय सिंह का पूरा बयान

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। यही कारण है कि पार्टी यहां की नूंह जैसे दंगे करवा सकती है। भाजपा और उसके नेता चाहते हैं कि जनता में उनके खिलाफ भारी गुस्सा है।

◆ बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह लोगों को भड़का रहे हैं। वे खुद दंगे की साजिश रच रहे हैं। कांग्रेस के इस नेता को आईएसआई एजेंट के रूप में जाना जाताहै।

वहीं दिग्विजय सिंह को पार्टी का समर्थन मिला है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने कहा, "दिग्विजय सिंह ने जो कुछ कहा, वो 100 फीसदी सच है। भाजपा के पास आखिरी हथियार दंगा होता है।"

◆ दिग्विजय सिंह ने जताई कांग्रेस सरकार की उम्मीद

दिग्विजय सिंह ने भोपाल में राज्य कांग्रेस के कानूनी और मानवाधिकार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित वकीलों की एक सभा 'विधिक विमर्श 2023' में यह बात कही। उन्होंने कहा-

मध्य प्रदेश में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमाम राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। भाजपा पिछले चुनावों में ये सीटें हार गई थी। कांग्रेस की पहली लिस्ट अगले महीने के शुरू में आ सकती है।

◆ कांग्रेस सागर से करेगी विधानसभा चुनाव का शंखनाद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को सागर आ रहे हैं। वे सुबह 11 बजे पहुंचेंगे। यहां कजलीवन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वे सागर में करीब डेढ़ घंटे रुकेंगे। दोपहर 1.30 बजे भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

हाल में ही 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सागर आए थे। यहां बड़तूमा में उन्होंने संत रविदास महाराज के मंदिर की आधारशिला रखी थी।

कांग्रेस के मध्यप्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार सागर आ रहे हैं। वे यहां से मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन का शंखनाद करेंगे। विधानसभा चुनाव का शंखनाद करने के लिए उन्होंने बुंदेलखंड के सागर को चुना है।

केके मिश्रा के मुताबिक उनकी सभा क्षेत्र में भाजपा के मंत्रियों, विधायकों और नेताओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ कार्यकर्ताओं और आम जनता में ताकत देने का काम करेगी। क्षेत्र में लोग अत्याचार के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष की परिवर्तन सभा लोगों की आवाज बनेगी।

◆ ये नेता होंगे शामिल

पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, सांसद विवेक तन्खा, सांसद नकुल नाथ, राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, अजय सिंह राहुल, एनपी प्रजापति, योगेश यादव, डॉ. विक्रांत भूरिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर समेत अन्य कांग्रेसी विधायक सभा में शामिल होंगे।

इंदौर से भीलवाड़ा जा रही यात्री बस पलटने से 21 घायल

मल्हारगढ़ के पास फोरलेन पर हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मंदसौर। मल्हारगढ़ के पास महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर आज सुबह के वक्त एक निजी यात्री बस बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 21 यात्री घायल हो गए जिनका उपचार करवाया गया।

बताया गया है की कोई गंभीर घायल नहीं है। जानकारी के मुताबिक इंदौर से चलकर भीलवाड़ा जा रही सरकार उपकार नाम की निजी यात्री बस (NL07 B9882) अचानक बेकाबू होकर सड़क के बीच पलट गई।

हादसा सुबह 6 बजे के आसपास हुआ। बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे। हादसे का शिकार हुई यात्री बस में करीब 36 यात्री सवार थे। इस हादसे में बस में सवार 21 यात्री घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से मल्हारगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश मरीजों को घर भेज दिया गया। वहीं करीब 4 लोगों को हाथ और पैर में फ्रेक्चर आए है। हालांकि इनमें कोई गंभीर घायल नहीं है। मामले में मल्हारगढ़ पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दिव्यांग बच्चों को मुफ्त मेडिकल सुविधा देना महत्वपूर्ण

1501 दिव्यांग बच्चों की निः शुल्क सर्जरी लक्ष्य पूर्ति हेतु कैंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वर्णिम फाउंडेशन द्वारा 1501 दिव्यांग बच्चों की निः शुल्क सर्जरी का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु 1 सितंबर से इंदौर में 3 माह के लिए कैंप लगाया जा रहा है । इसके पोस्टर का विमोचन करते हुए संभागायुक्त माल सिंह भयडिया ने कहा यह एक महत्वपूर्ण और सामाजिक कार्य है, जिसका उद्देश्य है हमारे समाज में विकलांग बच्चों को मुफ्त मेडिकल सुविधाएँ प्रदान करना।इस हेतु उन्होंने आठों जिलों के कलेक्टर सहित सभी विभागों को कैंप में दिव्यांग बच्चों को भेजने हेतु आदेशित किया जावेगा।

विकलांगता केवल एक शारीरिक स्थिति नहीं है, बल्कि यह मानसिकता, भावनाओं और आत्मविश्वास की भी एक स्थिति है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन बच्चों के प्रति सहानुभूति और समर्थन दिखाएं, ताकि वे भी समाज में समानता का अधिकार उठा सकें।

इस सर्जरी शिविर के माध्यम से हम न केवल चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, बल्कि हम एक संदेश भी पहुँचा रहे हैं - समाज में सभी का साथ और समर्थन होना जरूरी है। मैं सभी से अनुरोध करता हूँ कि हम इस समाज सेवा के महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी दिखाएं और इन बच्चों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लें।

प्रोजेक्ट प्रमुख वीरेन्द्र कुमार जैन ने बतलाया कि मालवा प्रांत के 15 वर्ष से कम उम्र के ऐसे दिव्यांग बच्चे जिनके हाथ पैर टेडे मेड़े हैं , मेंढक की तरह फुदक फुदक कर चलते हैं या चल ही नहीं पाते हैं उनकी आथोपैडिक निः शुल्क सर्जरी कर उन्हें अपने पैरों पर खड़े कर स्वावलंबी बनाकर सम्मान से जीने के लिए यह बीड़ा उठाया गया है ।

अध्यक्ष विवेक शारदा जैन ने बतलाया कि मरीज एवं उसके एक अभिभावक की हास्पिटल में खाने पीने की भी निः शुल्क व्यवस्था की गई है ।निः शुल्क सर्जरी एवं दवाइयों के साथ मरीज एवं अभिभावक को जाने आने के लिए एक हजार रूपया राशि भी प्रदान की जावेगी ।सर्जरी यूनिक हॉस्पिटल के प्रसिद्ध अस्थिरोग जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ प्रमोद पी नीमा और टीम द्वारा की जावेगी।

जिले के सभी शासकीय कार्यालय गुड-गवर्नेंस की दिशा में करें नवाचार

◆जिले के सभी हॉस्टलों के बच्चों की सेहत बेहतर रखने के उद्देश्य से होगी हीमोग्लोबिन की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि है कि सभी शासकीय विभाग आमजन के हित के लिये अधिक से अधिक कार्य करें। आमजन से नियमित संवाद और संपर्क बनाये रखें। सर्विस डिलेवरी को भी बेहतर बनायें। गुड-गवर्नेंस की दिशा में सभी कार्यालय अपने यहां एक-एक नवाचार अवश्य करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सभी शासकीय हॉस्टलों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उनके हीमोग्लोबिन की जांच भी अवश्य करवायें। बच्चों का हेल्थ कार्ड संधारित करें। जरूरत पड़ने पर फूड प्लान में बदलाव लाकर पौषण स्तर में सुधार करें।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी और श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी रोजगार मूलक योजनाओं के लक्ष्य हर हाल में सितंबर माह के अंत तक पूरे हो जायें। इस अवधि में ऋण स्वीकृत कर उनका वितरण भी कर दिया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे होस्टलों का नियमित भ्रमण करते रहें। कमियां दिखाई देने पर उन्हें तुरंत दूर करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता और ईमानदारी के साथ करें।

श्री सिद्धेश्वर महादेव का किया मनोहारी श्रृंगार

मंदिर में मनाया दीपोत्सव, उमड़ी भक्तों की भीड़

इंदौर। शहर में नागपंचमी का पर्व श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ मनाया, वहीं दो सावन के चलते इस बार अद्भुत संयोग के बीच सातवे सोमवार को यह पर्व और भी खास हो गया था। शहर के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का मनोहारी श्रृंगार किया गया, इसी कड़ी में गोयल नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का नागेश्वर के रूप में श्रृंगार कर दीपोत्सव मनाया गया।

प्रधान पुजारी ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित चंद्रभूषण व्यास ने बताया कि श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रति सोमवार विशेष श्रृंगार कलाकारों के द्वारा किया जाता है। वहीं सुबह से भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। सातवे श्रावण सोमवार को नागपंचमी का अद्भुत संयोग होने के चलते शाम के समय भगवान का नागेश्वर के रूप में श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर में दीपोत्सव भी बनाया गया। गर्भगृह के साथ ही मंदिर प्रांगण भी दीपों की रोशनी से जगमगा होकर ऐसा लगा रहा था मानो मंदिर में दीपावली मनाई जा रही हो। इस अवसर पर शाम को की गई विशेष आरती में क्षेत्र के श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में भक्तगण भी शामिल हुए और आरती कर प्रसादी ली।

संभागायुक्त ने मनोरमा राजे टी.बी. हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

इंदौर। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने मनोरमा राजे टी.बी. हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने हॉस्पिटल के विभिन्न वार्डों में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की। संभागायुक्त ने अपने भ्रमण के दौरान स्टोर पर जाकर दवाइयों का स्टॉक देखा। संभागायुक्त ने अस्पताल परिसर में घास इत्यादि के साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के नाम डिस्प्ले बोर्ड में लगाने के भी निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित भी उपस्थित थे।

©www.detectivegroupreport.com

बाल श्रम उन्मूलन और भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को मुक्त कराने का चलेगा अभियान

संस्थान का लायसेंस निरस्त करने के साथ ही एफआईआर दर्ज करने की होगी कार्यवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में बाल श्रम उन्मूलन का अभियान चलाया जायेगा। अभियान के अंतर्गत भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को भी मुक्त कराने की कार्यवाई की जायेगी। नियोजनों में बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई होगी। संस्थान का लायसेंस निरस्त करने के साथ ही एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाई होगी। श्रम से मुक्त कराये गये बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण और उनके व्यवस्थापन की उचित कार्यवाई भी की जायेगी। यह जानकारी कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी एवं रोशन राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बाल श्रम उन्मूलन के लिये प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे सेक्टर चिन्हित कर लिये जाये जहां बाल श्रम की आशंका हो। ऐसे सेक्टर के संबंधित नियोजकों को हिदायत दे कि वे किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करें। वे संस्थान का समय-समय पर निरीक्षण भी करते रहें। निरीक्षण के दौरान बाल श्रमिक मिलने पर नियोजकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जाये। बाल श्रम उन्मूलन के लिये सुनियोजित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाई हो। चौराहों पर भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को भी भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने की कार्यवाई गंभीरता से की जाये। इसके लिये एनजीओ की मदद भी ली जाये।

उल्हासनगर में मटकी यात्रा के लिए इंदौर से हुआ जत्था रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर में चल रहे 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के बीच भारत देश की प्रसिद्ध सिंधियों की नगरी उल्हासनगर (महाराष्ट्र) में चालिहा महोत्सव 2023 की इष्टदेव झूलेलाल मटकी यात्रा एवं पल्लव के लिए देश भर से सिंधी समाज के लाखों श्रद्धालु उल्हासनगर में एकत्रित होंगे । इंदौर सिंधी समाज के समाजसेवी नरेश फुंदवानी ने बताया कि इंदौर से उल्हासनगर जाने की लिए तकरीबन 300 श्रद्धालु चालिहा महोत्सव में जाने की तैयारियों में जुटे हुए थे । उल्हासनगर के चालिहा महोत्सव 2023 की मटकी यात्रा की धूम भारत के साथ विदेशो में भी प्रसिद्ध है । इंदौर रेलवे स्टेशन से आज 21 अगस्त को इंदौर पूना एक्सप्रेस से समान के तकरीबन 200 लोगो का जत्था लाल झूलेलाल के जयकारों के साथ रवाना हुआ एवं तकरीबन 100 समाज जन फ्लाइट, बस एवं निजी वाहनों से उल्हासनगर पहुचेंगे । उल्हासनगर में 22 अगस्त को लाखों श्रद्धालु इष्टदेव भगवान झूलेलाल मटकी यात्रा में सर पर मटकी रखकर झूलेलाल मंदिर का भ्रमण कर अपनी मन्नत मांगकर मंदिर के कुण्ड में मटकी विसर्जित करेंगे और 23 अगस्त को प्रातः 11 बजे पल्लव के बाद उल्हासनगर-5 के चालिहा साहेब मंदिर के चालिहा उत्सव का समापन होगा ।

जनप्रतिनिधि अफसरों से बोले-

नाइट कल्चर नहीं, पब कल्चर है समस्या की असली जड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में रात को बढ़ रहे अपराधों के मुद्दे पर भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और मेयर पुष्यमित्र भार्गव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को रेसीडेंसी कोठी पर बैठक की। उन्होंने अफसरों से कहा कि इंदौर में रात में बाजार खुलना शहर की पुरानी परंपरा है। सराफा रात एक बजे तक खुला रहता है। समस्या नाइट कल्चर से नहीं है। पब कल्चर असली समस्या की जड़ है। पौने 12 बजे पब के बंद होने का समय रहता है, लेकिन देर रात तक पब खुले रहते है। बैठक में संभागायुक्त माल सिंह, कलेक्टर इलैया राजा, पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर सहित अन्य अफसर मौजूद थे।

भाजपा सचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहर में सुनियोजित तरीके से ड्रग्स का कारोबार फैलाया जा रहा है। पुलिस को इसके रैकेट का पता लगाकर इस कारोबार पर अंकुश लगाना होगा। प्रदेश के कई शहरों से युवा इंदौर में पढ़ने आते है और अवैध नशा व ब्राउन शुगर बेचने वाले उन विद्यार्थियों को अपना शिकार बना रहे है। उन्होंने शहर में हो रही सांप्रदायिक घटनाओं का मुद्दा भी उठाया।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नाइट कल्चर रात में काम करने वाले प्रोफेश्नलों की सुविधा के लिए शुरू किया गया, लेकिन अपराधी इसका गलत फायदा उठा रहे है। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को सख्ती बरतना चाहिए।

पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि जो कंपनियां रात में आईटी प्रोफेश्नलों की सेवाएं लेती है, वे दफ्तर में कैटिंन खुलवाए। उन्होंने शहर में नगर सुरक्षा समिति और रहवासी संघों की जनभागीदारी की बात भी उठाई। बैठक में विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, आकाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

प्रदेशव्यापी एक दिवसीय रोजगार दिवस 24 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में 24 अगस्त को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई नंदा नगर) में रोजगार मेला एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवायी जाएगी। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला 24 अगस्त 2023 (गुरुवार) को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई नंदा नगर) इन्दौर में आयोजित होगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- शैफाली बिजनेस सॉल्यूशन, रूपरंग स्टोर्स, पटेल मोटर्स, सुजुकी मोटर्स एवं आयशर मोटर्स, जॉना स्माल फायनेन्स, भारतीय जीवन बीमा निगम, जॅस्टडॉयल, चेकमेट सर्विसेस, मैनपॉवर सर्विसेस, कुएस कारपोरेशन आदि प्रतिष्ठित कंपनी के लगभग 500 से अधिक अधिक विभिन्न पदों जैसे-सेल्स एग्जिकेटिव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, टीम लीडर, डिलीवरी बॉय, सुरक्षा गार्ड, लोडर, बीमा सलाहकार एवं पैकिंग कर्मचारी आदि के पदों हेतू आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक रूप से चयन करेंगे।

विवाद करने वालों को उपचार से इनकार कर सकेंगे डाक्टर

नेशनल मेडिकल कमिशन द्वारा रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को जारी किया गया नोटिफिकेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बीमार व्यक्ति का उपचार करना डाक्टर का पहला धर्म है। इसीलिए डाक्टर को लोग भगवान भी कहते हैं, लेकिन जब कोई अनहोनी हो जाती है तो डाक्टरों से विवाद- मारपीट तक हो जाती है। कुछ लोग हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। ऐसे मामलों को देखते हुए नेशनल मेडिकल कमीशन ने बड़ा कदम उठाया है। महाराजा यशवराय चिकित्सालय नेशनल मेडिकल कमिशन ने एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा है कि अब से रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ मारपीट व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं।

दवा कंपनियों से गिफ्ट लेने से बचें- अब ऐसे मामलों की शिकायत भी की जा सकेगी। इसके साथ ही डाक्टर व उनके परिवार फार्मास्यूटिकल कंपनियों से कोई गिफ्ट और यात्रा सुविधाएं आदि लेने से बचें। नए नियम मेडिकल एथिक्स कोड की जगह लेंगे। इसके अलावा आरएमपी को जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि मरीजों के अभद्र आचरण के खिलाफ डाक्टर नेशनल मेडिकल कमिशन से शिकायत भी कर सकते हैं, ताकि मरीज को इलाज के लिए कहीं ओर भी रेफर कर दिया जाए। बता दें कि ये नियम मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मेडिकल एथिक्स कोड 2002 की जगह लेंगे। यह पहली बार होगा जब डॉक्टरों को ऐसे मरीजों के इलाज करने से इनकार करने का अधिकार मिलेगा।

युवा प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व छयांकन दिवस के अवसर पर इंदौर फोटो एंड वीडियोग्राफर्स एसोसिएशन के तत्वावधान एवं सोनू गायकवाड़ की अध्यक्षता व क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती संध्या यादव युवा नेता,दीपेन्द् सिह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य मे किला मैदान स्थित मध्यप्रदेश दृष्टीहीन कल्याण संघ परिसर पर फोटोग्राफरो की कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश से युवा प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत 20 विशिष्ट छायाकारों का सम्मान किया गया. जिन्होंने केंडिड ,सिनेमेटिक ,मॉडल,फैशन व प्रोडक्ट फोटो ग्राफी मे दक्षता हासिल की। इस अवसर पर कैनन कम्पनी के हेड अर्पित पुराणिक , सूबेंधु दुबे, हरिश जोशी ,पवन प्रेमचन्दानी ,राम मालवीय, जय लचवानी ,मुख्य रूप से उपस्थित थे। फोटोग्राफी मोटिवेशन के माध्यम से श्री मंजीतसिंह बैस ने अपनी ओजश्वी वाणी से सभी आंगंतुको को व्यवसाय से जुड़ी कई आवशायक जानकारी से अवगत कराया । कार्यक्रम संयोजक मनोज त्रिपाठी,भूषण कदम ने बताया कि इस मौके पर दृष्टीहीन विद्यालय मे अध्यनरत विधार्थियो को भोजन कराया गया साथ ही अन्य समस्स्यो का निराकरण करने का आश्वाशन् दिया! संस्था की ओर से प्रवीण भाटी,श्याम.पांडेय, सुरेश सोनी, राजेश जायसवाल ,मुकेश सोनी, गौतम त्रिपाठी, जीतेन्द्र नामदेव, उपस्थित थ। कार्यक्रम का कुशल् संचालन प्रधुमन जैन तथा आभार सतीश जैन ने माना।

बृहस्पति कुंड में बनेगा प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज

◆ आश्रम की तरफ से कुंड को निहार सकेंगे पर्यटक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

पन्ना। बुंदेलखंड का नियाग्रा कहे जाने वाले पन्ना जिले में स्थित बृहस्पति कुण्ड जलप्रपात में ग्लास ब्रिज बनेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यहां ग्लास ब्रिज बनने से पर्यटक बृहस्पति कुंड की खूबसूरती को और करीब और ऊपर से देख सकेंगे। इससे पर्यटन में भी बढ़ावा होगा, हालांकि अभी सिर्फ प्रपोजल पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों के द्वारा मौके का मुआयना किया गया है।

पन्ना के पूर्व कलेक्टर संजय कुमार मिश्र ने अपने कार्यकाल में बृहस्पति कुंड जलप्रपात और आसपास के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला को प्रस्ताव भेजा था। उसका अवलोकन व लोकेशन का अध्ययन करने रविवार को अफसर यहां पहुंचे। इसमें प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग शुक्ला द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के वास्तुविद सतीश कालान्तरे (जबलपुर), कार्यपालन यंत्री के चौरसिया (सागर) और विवेक चौबे, उपयंत्री (खजुराहो) थे।

पर्यटन की संभावनाओं पर की चर्चा

पन्ना के सर्किट हाउस में पूर्व कलेक्टर संजय कुमार मिश्र द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन निगम की उक्त टीम के साथ बैठक लेकर बृहस्पति कुंड जलप्रपात और आसपास के क्षेत्र का पर्यटन बढ़ाने के उद्देश्य से बनाये प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा कर अपने सुझाव दिए गए। इस बैठक में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय जिला पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति परिषद पन्ना के सदस्य के रूप में शामिल हुए।

सुरक्षा के लिए चारों ओर लगेगी रेलिंग

मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम की तकनीकी टीम ने बृहस्पति कुंड जलप्रपात पहुंचकर वास्तविक स्थिति और लोकेशन का अध्ययन किया। वास्तुविद सतीश कालान्तरे ने बताया कि जलप्रपात के आसपास फिलहाल सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसलिए बृहस्पति कुण्ड जलप्रपात के चारों तरफ सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई जाएगी। रेलिंग भी इस तरीके से लगाई जाएगी कि स्थान की खूबसूरती भी बनी रहे और सुरक्षा भी रहे।

आश्रम की तरफ बनेगा ब्रिज

बृहस्पति कुण्ड आश्रम की तरफ एक मजबूत ग्लास ब्रिज बनाया जाएगा। इस पर चढ़कर पर्यटक जलप्रपात के ठीक सामने खड़े होकर जलप्रपात की खूबसूरती को निहार सकेंगे। यह देश का दूसरा और मध्यप्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज होगा।

पन्ना टाइगर रिजर्व में महिला की मौत

नाले में खींच ले गया मगरमच्छ दोनों हाथ खा गया, 16 घंटे बाद मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

पन्ना। पन्ना जिले के मड़ला थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में एक महिला को मगरमच्छ ने निगल लिया। बफर क्षेत्र से सटे ग्राम नहरी में एक महिला बकरी चराने गई थी।

यहां नहरी नाला में मौजूद मगरमच्छ ने उसे निगल लिया। मगरमच्छ महिला को गहरे पानी में खींच ले गया। सूचना मिलने पर रविवार देर रात मड़ला थाना पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू कर महिला के शव को बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

महिला को आधा निगला- राजबाई पति बाबूलाल कोंदर (60) निवासी नहरी रोज की तरह रविवार की शाम अपनी बकरियों को चराने गई थी। वह पाण्डवफॉल के समीप केन के पास नहरी नाला किनारे गई थी। वहां राजबाई जैसे ही नाले के किनारे गई वहां पहले से मौजूद मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। मगरमच्छ ने राजबाई का हाथ पकड़ लिया। वह राजबाई को निगलने लगा। राजबाई के चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पर मौजद कुछ ग्रामीण नाले के पास पहुंचे। तब तक मगरमच्छ उसको खींचकर गहरे पानी में ले गया था। मगर ने महिला को आधा निगल लिया था। नाले के किनारे पर महिला का झोला, चप्पल पड़े मिले।

सोमवार सुबह से एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। सुबह करीब 10 बजे महिला का शव नाले से बरामद किया। पुलिस ने बताया कि महिला शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। मगर ने उसे आधा निगल लिया था।

हनीट्रैप में लोगों को फंसाने सना को भेजता था पति

◆ भाजपा नेत्री की मां बोलीं- बेटी को सेक्सटॉर्शन के लिए किया जाता था मजबूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। महाराष्ट्र की भाजपा नेत्री सना खान की मध्यप्रदेश के जबलपुर में 2 अगस्त को हत्या कर दी गई थी। पुलिस को उसकी डेड बॉडी अब तक नहीं मिली है। पुलिस इसकी जांच में जुटी है। इस बीच नागपुर पुलिस को पता चला है कि सना के पति अमित साहू और दूसरे लोगों ने उसे सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल होने के लिए मजबूर किया था।

पति उसका इस्तेमाल हनी ट्रैप के लिए करता था। सना के जरिए आरोपियों ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कई लोगों को फंसाकर करोड़ों रुपए ऐंठे। सना की मां मेहरुननिशा ने रविवार को नागपुर के मानकापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को धमकी देकर सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। इसी शिकायत के आधार पर सना के पति अमित उर्फ पप्पू साहू (37) और उसके साथियों के खिलाफ धाराएं बढ़ाई गई हैं। अमित ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि उसने सना की हत्या कर शव जबलपुर की हिरण नदी में फेंक दिया। पुलिस ने सना की बॉडी नदी में सर्च की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

लोगों को टारगेट कर सना को उनके पास भेजता था गैंग

नागपुर पुलिस के मुताबिक, पड़ताल में सामने आया है कि अमित हनी ट्रैप गैंग को लीड करता था। यह गिरोह लोगों को टारगेट कर सना को उनके पास भेजता। सना, पीड़ितों के साथ आपत्तिजनक स्थिति में फोटो रिकॉर्ड कर लेती थी। इन फोटो और के आधार पर गैंग पीड़ितों से पैसे वसूला करता था। सना मार्च 2021 में इस रैकेट का हिस्सा बनी थी।

1 अगस्त को नागपुर से जबलपुर आई थी सना

सना की हत्या के आरोप में अमित और उसके साथी राजेश सिंह व जितेंद्र को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अमित जबलपुर का रहने वाला है। 1 अगस्त को सना नागपुर से जबलपुर अमित के पास आई थी। तब से ही वह लापता है। पुलिस पूछताछ में आरोपी अमित ने बताया कि पैसे के झगड़ों को लेकर उसने सना की हत्या कर शव हिरण नदी (जबलपुर) में फेंक दिया। राजेश ने सना के शव को फेंकने में उसकी मदद की। जितेंद्र उसका नौकर है। जिस कार में सना की बॉडी ये लोग हिरण नदी तक ले गए, उसे ढाबे पर लाकर जितेंद्र ने धोया। ढाबा अमित साहू का ही है।

मुंह में पेट्रोल डालकर करतब दिखाने वाला कलाकार झुलसा

साथी कलाकारों ने बचाया, भगवान पशुपतिनाथ की पालकी निकाली जा रही थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मंदसौर। भगवान पशुपतिनाथ की शाही पालकी निकाली जा रही थी। इस दौरान मुंह में पैट्रोल डाल कर आग लगाकर करतब दिखाने की कोशिश करने वाला एक युवक झुलस गया। पहले आग उसके मुंह में लगी उसके बाद उसके कपड़े जले फिर आग स्टेज पर फैल गई। फिलहाल उसे स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। हालांकि बताया जा रहा है कि कलाकार मामूली रूप से झुलसा है।

जानकारी के अनुसार सावन के सातवें सोमवार पर अष्टमी भगवान पशुपति नाथ की शाही पालकी का आयोजन किया गया था। सुबह 11 बजे भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से शुरू हुई पालकी में रजत प्रतिमा के रूप में विराजित भगवान पशुपतिनाथ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान शाही पालकी की के साथ ढोल नगाड़े, नृत्य करती युवतियां और झांकियां साथ चल रहे थे। तभी महाकाली की झांकी में नृत्य कर रहे कलाकार ने मुंह से पेट्रोल फूंक कर आग निकालने की कोशिश की। सावन के सातवें सोमवार पर अष्टमी भगवान पशुपति नाथ की शाही पालकी का आयोजन किया गया था।

रेप के आरोपी रिश्तेदार को 20 साल की सजा

खंडवा । खंडवा कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी रिश्तेदार को 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी के दुष्कर्म से पीड़िता गर्भ से हो गई, 9 माह के गर्भ का खुलासा होने पर पीड़िता का प्रसव कराया गया था। पुलिस ने नाबालिग से जन्मी संतान के पिता के बारे में पूछताछ की तो वह निकटतम रिश्तेदार निकला। 2 साल बाद इस केस में आरोपी को हरसूद कोर्ट ने सजा सुनाई है। सजा अपर सत्र न्यायाधीश आशीष देवडे की न्यायालय ने खालवा क्षेत्र के आरोपी गौरव पिता कैलाश लोधा को सुनाई है।

संपादकीय

निकाल लिया रास्ता

सरकारी विभागों में छोटा से छोटा काम भी बिना रिश्वत के करा लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इस पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल प्रणाली से पंजीकरण, लेन-देन आदि की व्यवस्था कर रखी है, मगर उसके समांतर अधिकारियों-कर्मचारियों ने रिश्वत और कमीशन का अपना रास्ता निकाल रखा है। मौजूदा केंद्र सरकार के अहम वादों और प्रयासों में भ्रष्टाचार समाप्त करना सबसे ऊपर रहा है। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और दूसरी जांचों की रपटें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाना इस सरकार के लिए भी चुनौती रहा है। केंद्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी की ताजा रपट के मुताबिक पिछले वर्ष केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एक लाख पंद्रह हजार से अधिक अधिकारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतें दर्ज हुईं। सबसे अधिक शिकायतें गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गईं। उनमें से करीब आधी शिकायतों का निपटारा हो गया, मगर बाकी अब तक लंबित हैं। उनमें से भी करीब दो तिहाई मामलों का निपटारा तीन महीने से अधिक समय से लंबित है। जबकि नियम के मुताबिक सीवीसी को ऐसी शिकायतों का निपटारा तीन महीने के भीतर कर देना होता है। अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतों के निपटारे में देरी एक अलग मुद्दा है, चिंता की बात यह है कि जिस मंत्रालय पर कानून-व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी है, उसी में भ्रष्टाचार की शिकायतें सबसे अधिक दर्ज हुईं। मौजूदा सरकार का पहले कार्यकाल से ही वादा था कि शून्य भ्रष्टाचार वाली व्यवस्था लागू करनी है। मगर जब केवल केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एक लाख पंद्रह लाख से ऊपर भ्रष्टाचार की शिकायतें एक वर्ष में दर्ज हुईं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि निचले स्तर पर इसकी क्या स्थिति होगी। जब केंद्र सरकार खुद अपने महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त व्यवहार के लिए अनुशासित नहीं कर पाया, तो आखिर उसकी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो मामले निपटा दिए गए, उसका यह अर्थ नहीं कि उनमें भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं था। इतनी बड़ी संख्या में अनियमितता की शिकायतें मिलना ही अपने आप में इस बात का संकेत है कि सरकार की नाक के नीचे भ्रष्टाचार चल रहा था।

Quote...

"The future belongs to those who believe in the beauty of their dreams."

-Eleanor Roosevelt

MORARI BAPU

सत्य-प्रेम-करुणा...

जीवन में एक पंथ हो... एक मार्ग निश्चित हो... हमारे वेद भगवान ने हमें तीन मार्ग बताए... ज्ञान मार्ग... कर्म मार्ग... उपासना मार्ग ...हमें कोई एक मार्ग निर्णित करना चाहिए ...एक पंथ निर्णित हो... हम भटकाव में ना रहे ...ज्ञान मार्गी को ...कृपया वह भक्ति मार्ग की आलोचना ना करे...भक्ति मार्ग का पथिक कर्म मार्ग की आलोचना ना करे... क्योंकि अंततोगत्वा तीनों चाहिए...



॥ रामकथा ॥ मानस गुरु वंदना ॥

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Health is Wealth

मच्छरों के काटने पर होती हैं ये 4 बीमारियां

बारिश के मौसम में होता है ज्यादा खतरा

वैसे तो मच्छर पूरे साल परेशान करते हैं, लेकिन बारिश के मौसम में इनका खतरा बढ़ जाता है। मच्छर के काटने पर यूं तो लाल रंग के खुजलीदार दाने हो जाते हैं, लेकिन मानसून में इनके काटने पर गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। विश्व मच्छर दिवस एक स्पेशल दिन है जो मच्छरों और उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। यह हर साल 20 अगस्त को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन पर जानिए मच्छरों के काटने से होने वाली चार बीमारियों के बारे में, जिनका खतरा बारिश के मौसम में बढ़ जाता है।

चिकनगुनिया

चिकनगुनिया एक वायरल बुखार है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से होता है। इस बीमारी को फैलाने वाला वायरस एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा फैलता है। इसके सामान्य लक्षणों में बुखार समेत जोड़ों में तेज दर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में सूजन, चकत्ते, सिरदर्द शामिल हैं।

डेंगू

बरसात के मौसम में डेंगू का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। डेंगू एडीज मच्छर द्वारा फैलता है, जो रुके हुए पानी में प्रजनन करके बीमारी फैलाता है। ये मच्छर कही भी हो सकते हैं, जैसे गर्म पानी की टंकियों में, स्विमिंग पूल में, पौधों में, सीवरों आदि में हो सकते हैं। जब किसी व्यक्ति को डेंगू होता है तो उसे इसके लक्षणों में आंखों में परेशानी, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

मलेरिया

मलेरिया एक कॉमन बीमारी है, जो मच्छर जनित बीमारियों में से एक है। मानसून के दौरान मलेरिया से पीड़ितों की संख्या बढ़ जाती है। यह आमतौर पर मच्छरों के काटने से व्यक्ति में फैलता है। मलेरिया में बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं।

जीका वायरस

जीका वायरस भी एडीज मच्छरों से फैलता है। इसके लक्षण डेंगू जैसे ही होते हैं। जिसमें दाने, जोड़ों का दर्द, लाल आंखें शामिल हैं। जीका वायरस इंसान में एक हफ्ते तक रहता है। इस दौरान खूब तरल पदार्थ पीने की सलाह दी जाती है।

Highlights

1. In one month, over 45,000 kg tomatoes sold through ONDC, says platform chief
2. PM Modi to become Ist Indian PM to visit Greece after 40 years
3. Passenger vomits blood mid-air on IndiGo flight from Mumbai, dies
4. PM Modi departs for South Africa to participate in BRICS Summit
5. 'Moosewala was a terrorist,' says Jharkhand policeman; apologises as video goes viral

In one month, over 45,000 kg tomatoes sold through ONDC, says platform chief

NEW DEIHI, (Agency). In one month since ONDC (Open Network for Digital Commerce) began selling tomatoes at discounted prices, the platform has fulfilled approximately 22,500 orders worth 45,000 kg of the vegetable in and around Delhi-NCR, its chief T Koshy said on Monday.

On July 21, ONDC began selling tomatoes in the face of soaring rates of the vegetable.

"Till date, we have facilitated the delivery of approximately 22,500 orders for 45,000 kg of tomato around the Delhi-NCR (National Capital Region). We make these available at 9am every day, and in a matter of minutes, these get sold out," Koshy told Monecyontrol.

He further stated that in the initial days, 2000 kg was being sold each day, with this being the daily limit fixed for it by the National Cooperative

Consumer Federation (NCCF), adding that the stocks lasted only for only a few hours.

"Within a week, however, we started seeing enhanced sales, with the stocks flying off our shelves within minutes of being made available," he said.

Koshy also noted that it it is for the NCCF to decide for how long the latter wants the association to continue. On July 14, NCCF and NAFED (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India) began retail sales of the vegetable in Delhi-NCR, when the commodity's rates, in an unprecedented rise, reached ₹250 per kg in several markets of the country.

ONDC and NCCF then joined hands to make tomatoes available at discounted prices. The rates were fixed at ₹90 per kg; on August 15, however, it was priced at ₹50 per kg, and ₹40 per kg starting August 20.

Reliance's Jio Financial Services hits limit-down on debut, valued at $19 billion

Mumbai, (Agency). Investors expect Ambani to give more details about JFS during the Reliance annual general meeting on Aug. 28.

Shares in India's Jio Financial Services (JFS), carved out of billionaire Mukesh Ambani's Reliance Industries, fell limit-down on Monday at its trading debut as investors waiting for more clarity about the scope of the business cashed out of the stock.

Mr. K V Kamath (Independent

Director and Non-Executive Chairman, JFSL), Mr. Subhash S Mundra (Chairman, BSE), at the Listing Ceremony of Jio Financial Services Limited on the Bombay Stock Exchange, in Mumbai, India, on Monday, August 21, 2023. (Photo by Anshuman Poyrekar/ Hindustan Times)

Mr. K V Kamath (Independent Director and Non-Executive Chairman, JFSL), Mr. Subhash S Mundra (Chairman, BSE), at the Listing Ceremony of Jio Financial Services Limited on the Bombay Stock Exchange, in Mumbai, India, on Monday, August 21, 2023. (Photo by Anshuman Poyrekar/ Hindustan Times)

Ambani's Reliance had last month spun off JFS, with the stock price set at 261.85 rupees during a special discovery session, valuing JFS at around 1.7 trillion Indian rupees ($20.5 billion)

That price, however, was higher than the 160-190 rupees per share estimate by five analysts who spoke to Reuters before Reliance set the price. On Monday, JFS stocks fell 5% - the most it can fall in a session - shortly after it started trading, with over 73 million shares changing hands, reducing its valuation to 1.58 trillion rupees ($19 billion).

Paschim bangal

महिलाएं फैला रहीं हैं कानूनी आतंकवाद, 498A के गलत इस्तेमाल पर भड़का कलकत्ता हाईकोर्ट

कोलकाता, (एजेंसी) IPC यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 498A के गलत के गलत इस्तेमाल को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि इसके जरिए महिलाओं ने 'कानूनी आतंकवाद' छेड़ रखा है। दरअसल, यह धारा पति और उसके रिश्तेदारों की तरफ से महिला पर की गई क्रूरता को अपराध मानती है।

मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस शुभेंदु सामंत ने कहा कि धारा 498ए को महिलाओं के कल्याण के लिए लाया गया था, लेकिन इसका इस्तेमाल अब झूठे मामले दर्ज कराने में हो रहा है। जज ने कहा, 'समाज से दहेज के प्रकोप को खत्म करने के लिए धारा 498ए को लाया गया था। लेकिन कई मामलों में यह देखा गया है कि इस प्रावधान का गलत इस्तेमाल कर कानूनी आतंकवाद

छेड़ रखा है।'

कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है धारा 498ए में शामिल क्रूरता को सिर्फ पत्नी की तरफ से साबित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा, 'कानून शिकायतकर्ता को आपराधिक शिकायत दर्ज कराने की अनुमति देता है, लेकिन इसे ठोस सबूत के साथ साबित भी किया जाना चाहिए।'

उच्च न्यायालय में एक शख्स और उसके परिवार के सदस्यों ने याचिका दायर की थी। इसमें उसकी अलग हो चुकी पत्नी की तरफ से दाखिल आपराधिक मामलों को चुनौती दी गई थी। याचिका के अनुसार, पत्नी ने याचिकाकर्ता पति के खिलाफ अक्टूबर 2017 में मानसिक और शारीरिक क्रूरता की पहली बार शिकायत दर्ज कराई थी।

इसके बाद दिसंबर 2017 में उसने पति के परिवार के सदस्यों पर भी शारीरिक और मानसिक यातना देने के आरोप लगाए थे।

अब मामले की सुनवाई कर रहे कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया अपराध साबित करते हुए कोई सबूत नहीं दिए गए हैं। कोर्ट ने कहा, 'शिकायतकर्ता की तरफ से पति के खिलाफ सीधे आरोप सिर्फ उनका ही वर्जन है। इसके समर्थन में कोई दस्तावेज या मेडिकल सबूत नहीं दिया गया है। एक पड़ोसी ने पत्नी और उसके पति के बीच झगड़े को सुना और दो लोगों में हुई बहस यह साबित नहीं कर सकती कि कौन आक्रामक था और कौन पीड़ित था।'

Haryana

नूंह में फिर ठांय-ठांय, उपद्रवी आमीर की पुलिस संग मुठभेड़; गोली मारकर दबोचा

नूंह, (एजेंसी) 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा पर हमले के बाद नूंह में हुई हिंसा के आरोपियों को पुलिस दबोचने में जुटी है। मंगलवार को पुलिस की एक आरोपी आमीर के साथ मुठभेड़ हुई। गोली लगने के बाद पुलिस ने उपद्रवी को दबोच लिया है। उसके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया गया है।

नूंह हिंसा के आरोपियों की तलाश में जुटी नूंह क्राइम ब्रान्च को मंगलवार को बड़ी कामयाबी मिली। अरावली पहाड़ी में छिपे आरोपी आमीर को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया। ढिडारा तावड़ू निवासी आमीर की पुलिस को कई दिनों से तलाश थी। उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। क्राइम ब्रान्च के इंस्पेक्टर अमित के नेतृत्व में गठित टीम ने तलाशी अभियान चलाया था।

बताया जा रहा है कि अरावली पाहड़ी रेंज में तावड़ी के पास एक खंडहर की जगह आमीर छिपा हुआ था। तलाशी अभियान के दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग की। इसके बाद तुरंत पोजिशन लेते हुए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। दोनों ओर से हुई फायरिंग के बीच आमीर को गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने इसे दबोच लिया। आरोपी को इलाज के लिए नल्हड मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

Uttarpradesh

लखनऊ टू दिल्ली, फिर गाजियाबाद... गैंगरेप के बाद 2 लाख में बेची लड़की

लखनऊ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के लखनऊ से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक महिला ने एक लड़की को नशीला पदार्थ पिलाकर तीन युवकों को सौंप दिया. जिसके बाद युवक उसे अपने साथ दिल्ली ले गए और कमरे में रखकर बारी-बारी से गैंगरेप किया. उसके बाद आरोपियों ने लड़की को अन्य जगह बेच दिया. लेकिन किसी पीड़िता किसी तरह वहां से बचकर गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने पहुंच गई. उसने थाने में पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके पीड़िता को परिजनों के हवाले कर दिया. फिलहाल आरोपियों की तलाश की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र रहने वाली लड़की को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने अपने घर बुलाया.

Bihar

बिहार के मोतिहारी और बगहा में महावीरी जुलूस पर पथराव के बाद बवाल, दो पक्ष भिड़े, भारी पुलिसबल तैनात

पटना, (एजेंसी) बिहार में नागपंचमी पर सोमवार को महावीरी जुलूस निकाले गए. कुछ जगहों पर महावीरी जुलूस के दौरान हिंसक झड़पों की भी खबरें सामने आई है. बिहार के बगहा और मोतिहारी में तीन जगहों पर दो पक्षों में टकराव हुआ. बगहा में जुलूस पर पथराव के बाद दोनों पक्ष भिड़ गए. इसके बाद खूब तोड़फोड़ और आगजनी हुई.

बताया जा रहा है कि बगहा के रतनमाला में सोमवार को महावीरी अखाड़े ने जुलूस निकाला था. इस दौरान उपद्रवी तत्वों ने जुलूस पर पथराव कर दिया. इसके बाद दो पक्षों में हिंसा शुरू हो गई. बाइकों को आग लगा दी गई. तोड़फोड़ की गई. इस घटना में पुलिस जवान सेमत 12 लोग जख्मी हो गए. पूरे इलाके में भारी पुलिसबल तैनात किया गया है. स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है.

उधर, महावीरी यात्रा के दौरान मोतिहारी में तीन जगहों पर झड़प हुई. मोतिहारी के मेहसी, कल्याणपुर और थरपा में यात्रा पर पथराव के बाद दो पक्षों में झड़प हो गई. तीनों जगहों पर भारी पुलिसबल तैनात किया गया है. हालांकि, स्थिति अब काबू में बताई जा रही है.

साभार आज तक

खेल

EPL: क्रिस्टल पैलेस को हराकर आर्सेनल ने दर्ज की दूसरी जीत, ओडेगार्ड का गोल; तोमियासू को मिला रेड कार्ड

नई दिल्ली। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में आर्सेनल की टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। उसने सोमवार को खेले गए मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस को 1-0 से हराया। आर्सेनल ने लीग में इससे पहले नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराया था। उसके लिए मैच में इकलौता गोल कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड ने किया। उन्होंने 53वें मिनट में पेनल्टी पर शानदार गोल किया। इसके बाद मुकाबले में कोई गोल नहीं हुआ और आर्सेनल ने एक गोल के अंतर से मैच को अपने नाम कर लिया।

आर्सेनल की टीम इस मैच में 67 मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। जापान के डिफेंडर ताकेहिरो तोमियासू को रेड कार्ड दिखाया गया। इस

कारण उन्हें मैच से बाहर जाना पड़ा। आर्सेनल की टीम अपने एक डिफेंडर को खोने के बाद दबाव में आ गई, लेकिन क्रिस्टल पैलेस ने इसका कोई फायदा नहीं उठाया। कोच मिकेल अर्टेटा की टीम ने किसी तरह मैच को 1-0 से अपने नाम करने में सफलता हासिल की।

प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में सभी टीमों के अब दो-दो मैच हो चुके हैं। अब तक तीन टीमों ने ही दोनों मैच जीते हैं। ब्राइटन दो मैच में दो जीत के बाद छह अंकों के साथ पहले स्थान पर है। डिफेंडिंग चैंपियन मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल के भी छह-छह अंक हैं। गोल अंतर के आधार पर सिटी दूसरे और आर्सेनल तीसरे पायदान पर है। ब्रेंटफोर्ड चौथे, लिवरपूल पांचवें, टॉटेनहम हॉटस्पर छठे और वेस्ट हैम सातवें स्थान पर है। चारों के खाते में चार-चार अंक हैं। इन चारों टीमों को एक जीत मिली है। इनके एक-एक मैच ड्रॉ हुए हैं।

सिनेमा

रजनीकांत ने क्यों छुए CM योगी के पैर? सुपरस्टार ने चुप्पी तोड़ खुद बताई वजह

पिछले दिनों रजनीकांत बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद सीधा लखनऊ पहुंचे. इसके बाद रजनीकांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले और उनके पैर छुए. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ, वहीं एक्टर खूब ट्रोल भी हुए. रजनीकांत ने हाल ही में इस मामले पर बयान दिया है. पिछले दिनों सुपरस्टार रजनीकांत काफी चर्चा में रहे. एक्टर अपनी फिल्म जेलर के प्रमोशन के दौरान लखनऊ पहुंचे थे, जहां वो उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले और उनके पैर छुए. ये बात सोशल मीडिया यूजर्स के गले नहीं उतरी और एक्टर को खूब ट्रोल किया गया. अब रजनीकांत ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है. सीएम योगी के पैर छूने के लिए रजनीकांत को खूब ट्रोल किया गया. दोनों के बीच के उम्र के फासले को देखते हुए यूजर्स को रजनीकांत का पैर छूना बिल्कुल गंवारा नहीं हुआ. लोगों ने कहा- सीएम योगी उनसे उम्र में काफी छोटे हैं,ऐसे में पैर नहीं छूना चाहिए था. इस पूरे मामले पर अब रजनीकांत ने रिएक्शन दिया है. हाल ही में चेन्नई एयरपोर्ट पर रजनीकांत स्पॉट हुए, जहां पत्रकारों ने उन्हें घेर लिया. इसी दौरान एक्टर से ट्रोल्स को लेकर सवाल किया गया. इसके जवाब में रजनीकांत ने बताया कि ये उनकी आदत में शुमार है. एक्टर बोले- चाहे संन्यासी हो या योगी, अगर वो मुझसे उम्र में छोटे भी हो. मेरी ये आदत है कि मैं उनके पैर छूता हूं.

सिगरेट के थोक व्यापारी को लूटा

बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस की नाइट गश्त के बाद भी बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार रात 10 बजे बदमाशों ने कलेक्टर ऑफिस के सामने सिगरेट और पान मसाला के थोक व्यापारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। शहर भर में अफसर सडक़ पर होने के बाद भी बिल्डिंग के बेसमेंट में आए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना के बाद आला अफसर मौके पर पहुंचे। क्राइम ब्रांच भी बदमाशों की तलाश में जुटी है।

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक वारदात कलेक्टर परिसर के सामने नेहा अपार्टमेंट के बेसमेंट में हुई। यहां दिलीप केलवानी उनके पिता और भाई दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान यहां नकाब पहनकर तीन बदमाश घुसे पिस्टल और कट्?टे के साथ उन्होंने व्यापारी को धमकाना शुरू कर दिया।

इस दौरान एक कस्टमर को व्यापारी रुपये दे रहा था। बदमाशों ने वह भी छीन लिये। बाद में बदमाशों से उन्होंने संघर्ष भी किया। इसके बाद बदमाश मौके से भाग गए। इस दौरान एक युवक उनके पीछे भी दौड़ा। लेकिन तब तक वे भाग चुके थे।

दिलीप केलवानी के साथ लूट की वारदात की सूचना पर मौके पर जोन 4 के तमाम अफसर पहुंचे। यहां फुटेज देखने के बाद टीमें बदमाशों की तलाश में लगाई गई है। रात में क्राइम ब्रांच को भी आरोपियों को पकडऩे के लिये मैदान में उतारा गया है। मामले में संजय केलवानी की तरफ से केस दर्ज किया गया है।

जूनी इंदौर के साधु वासवानी नगर में अमन नाम के व्यापारी के साथ भी आठ दिन पहले लूट की वारदात हुई थी। जब वह दुकान में बैठे थे तो बदमाश उन्हें पिस्टल अड़ाकर रुपये ले गए। इसके बाद जब अमन ने लोगों की मदद से उनका पीछा किया तो सडक़ पर उन्होंने खुलेआम पिस्टल दिखाकर लोगों को धमकाया और फरार हो गए। जिन्हें पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पाई है।

प्लाट के लेनदेन में हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्लाट के लेन देन के विवाद में एक व्यक्ति को जमकर पीटा और चाकू मारकर घायल कर दिया। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक घटना जूना रिसाला क्षेत्र के अमन चौक में हुई।

घायल का नाम मोहम्मद खालिद पिता मोहम्मद हमीद(50) निवासी जूना रिसाला है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सावेज,नवेद और रानी निवासी भिश्ती मोहल्ला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घायल का आरोपियों से प्लाट के लेनदेन का विवाद है। रविवार को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ तो आरोपियों ने हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। उधर, चंदननगर इलाके में महिला पर उसके पति ने पानी गर्म करने वाली राड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता फरहीन की रिपोर्ट पर उसके पति शोएब पर केस दर्ज किया है। पति ने कहा कि बताओ तुम्हे साथ चलना है कि नहीं। मैंने कहा कि कोर्ट से लिखा पढी के साथ चलेंगे। इस पर विवाद हुआ तो आरोपी ने पीट दिया।

फार्म हाउस पर कर्मचारी की करंट से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिमरोल इलाके में सोमानी फार्म हाउस पर काम करने वाले कर्मचारी को छुट्टी के दिन मैनेजर ने काम पर भेज दिया। यहां मशीन से घास कटवाई गई। बताया जाता है कि जिस मशीन से कर्मचारी काम कर रहा था। उसकी केबल खराब थी। दो दिनों से नई केबल लाकर रखी गई लेकिन उसे बदलवाया नही गया। कर्मचारी यहां 5 सालो से काम कर रहा था ओर अपने पत्नी बच्चो के साथ यही रहता था। सिमरोल पुलिस के मुताबिक सोमानी फार्म हाउस पर सोमवार दोपहर तुलसीराम(28) पुत्र मांगीलाल तंवर निवासी पिपरी देवास मशीन से घास काटने का काम कर था। इस दौरान उसे करंट लग गया। गिरने के बाद यहां के कर्मचारी उसे नजदीक के डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। उन्होंने एमवाय ले जाने की बात की। एमवाय में चेकअप के दौरान डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तुलसीराम के साले दीपक ने बताया कि उनके जीजा करीब पांच साल से यहां काम कर रहे थे। जिस मशीन से उनसे घास कटवाई जा रही थी। उसकी केबल जगह जगह से कटी हुई थी। दो दिन से नई केबल लाकर रखी लेकिन उसे नही बदला। नागपंचमी पर किसी तरह की मशीन ओर औजार नही चलाए जाते। जिसमें कर्मचारियों की छुट्?टी होती है। उसके बाद भी तुलसीराम को घर से बुलाकर काम करवाया गया। तुलसीराम यहां अपनी पत्नी रंजना ओर दो बेटो के साथ रहता था। उसके बाकि का परिवार देवास में रहता है। यहां दो भाई ओर माता पिता भी रहते है।

शिक्षिका से ऑनलाइन ठगी

खाते से दो लाख रुपए निकाल लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सीबीआई अधिकारी बनकर शिक्षिका को कॉल करने वाले ने झांसा देकर बैंक की सारी जानकारी ले ली और ऑनलाइन ठगी करते हुए खाते से दो लाख रुपए निकाल लिए। मामले में क्राइम ब्रांच को पहुंची इस शिकायत बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।**

महिला शिक्षिका ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उनका बैंक संबंधी दस्तावेजों का पार्सल आने वाला था। इस बीच एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली में सीबीआई अफसर बताते हुए कहा कि आपका कोरियर सीबीआई ने जब्त किया है, उसमें ड्रग्स की डिलीवरी थी। युवती ने कहा कि इस ड्रग्स पार्सल से उसका कोई संबंध नहीं है तब फोन करने वाले ने कहा ठीक है, आप सीबीआई थाने में जानकारी दे दो। मैं आपका फोन सीबीआई थाने में दे रहा है।

फोन ट्रांसफर होने के बाद अलग-अलग नंबर दबाने के निर्देश मिलते रहे। एक महिला ने खुद को अफसर बताते हुए कहा कि आपका फोन थाना प्रभारी को ट्रांसफर किया जा रहा है। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को थाना इंचार्ज बताया। उसने कहा कि आपके बैंक खाते की डिटेल भेजिए, तुरंत देख लेंगे कि उसमें संदिग्ध लेन-देन तो नहीं है। संदिग्ध लेन-देन नहीं मिला तो क्लीन चिट दे देंगे।

कॉल ट्रांसफर की प्रतिक्रिया से शिक्षिका को विश्वास हो गया कि वह सीबीआई के अफसरों के संपर्क में है। उसने बैंक खाते की जानकारी दे दी, जिसके बाद दो बार में 98-98 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। इसके बाद ठगी का पता चला। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि काल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जनरेटेड था और अलग-अलग आवाज में बात हो रही थी। युवती की शिकायत बाद मामले की जांच की जा रही है।

मंदिर से चांदी का मुकुट और दानपेटी ले गए चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ग्राम बडगोंदा में स्थित अति प्राचीन बालाजी मंदिर में रविवार देर रात 2 से 3 बजे के बीच चोरी हो गई। चोर बालाजी का मुकुट, दो दानपेटी व मन्दिर में लगा हेलोजन चुराकर ले गए। पंडित के अनुसार भक्तों ने भगवान को 300 ग्राम का चांदी का मुकुट भेंट किया था। इसे चोर ले गए। दान पेटी भी ले भागे। यहां मौजूद चौकीदार देवेंद्र यादव कमरे में सो रहा था। उसके कमरे के बाहर से कंदी बंद कर दी। तडक़े चौकीदार जब लघुशंका के लिए उठा तो दरवाजा नहीं खुला। वह खिडक़ी से निकलकर आए। उन्हें शंका हुई तो उन्होंने मंदिर का चक्कर लगाया। यहां दो हेलोजन बंद नहीं मिले। वे मंदिर में गए तो उन्हें दान पेटी और मुकुट के चोरी होने का पता चला। बडगोंदा थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने बताया कि जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मामले की जांच कर रहे हैं।

पिस्टल, कारतूस और चाकू के साथ पकड़ाए

इंदौर। विजय नगर पुलिस ने चैकिंग में तीन युवकों को पकड़ा है। उनके पास से पिस्टल,गोली और चाकू मिला है। युवक वारदात के फिराक में था। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सर्कल के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चेचिंग करवा रहे थे। भमोरी में विजय नगर थाना प्रभारी रविंद्र गुर्जर को साथ लेकर चेकिंग की तो तीन युवक पकड़ाए। इनके नाम युवराज पवन सोलंकी, निवासी सोमनाथ की जूनी चाल,संदीप भवानीराम खांड, रामनगर और जतिन दीपक मोर निवासी रामनगर मंडी है। युवराज के पास से देशी पिस्टल और कारतूस मिला है। संदीप और जतिन के पास से चाकू मिला है। मुलजिमों के खिलाफ आ र्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

कांग्रेस ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा पर पेट्रोल बम फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग को लेकर शहर कांग्रेस सेवादल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा और कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मुकेश यादव के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को थाने पर पहुंचकर मामले की जांच और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

इस मामले में अध्यक्ष चड्ढा ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रत्यक्ष राजनीतिक संरक्षण के चलते देश की फिजा बिगाडऩे की साजिश की जा रही है। मौजूदा मामले में भी ऐसा ही है, जिसकी हम संपूर्ण जांच कर आरोपियों पर देशद्रोह का केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर छत्रीपुरा थाने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए टीआई को ज्ञापन सौंपा है।

कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी

सुरजीत चड्ढा ने पूरे मामले पर बात करते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक. 4 से निकली तिरंगा यात्रा पर कुछ कथित राजनीतिक संरक्षण से पनप रहे असामाजिक तत्वों ने पेट्रोल बम से हमला किया था। इस तरह का कृत्य कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। राष्ट्रीय पर्व व तिरंगे पर पेट्रोल बम से हमला भारत की अस्मिता पर हमला है। हिंदुस्तान और हमारे राष्ट्र ध्वज के सम्मान के लिए कांग्रेस और उसका हर कार्यकर्ता सदैव डटकर खड़े रहेंगे। हम शासन और प्रशासन से इस मामले पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस दौरान छत्रीपुरा थाने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और सुरजीत चड्ढा के समर्थक मौजूद थे।

sponcership

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।